# छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग

**नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर (छ0ग0)**

**दूरभाष (का.)** 0771-2439564, 0771-2331204, **वेबसाईटः** www.psc.cg.gov.in

## व्यवहार न्यायाधीश (मुख्य) परीक्षा 2024 के आयोजन की सूचना।

**विज्ञापन क्रमांक 04/2024/परीक्षा/दिनांक 23/12/2024 एवं शुद्धि पत्र क्रमांक 01/2025/परीक्षा/दिनांक 23.01.2025**

## व्यवहार न्यायाधीश (मुख्य) परीक्षा 2024

क्रमांक / 2101/5475/2025-CGPSC EXAM/1170 नवा रायपुर, दिनांक 30.10.2025

**ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि – 31.10.2025 से 15.11.2025**
**ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार करने की तिथि – 16.11.2025 से 17.11.2025**

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापन क्रमांक 04 / 2024 / परीक्षा / दिनांक 23 / 12 / 2024 एवं शुद्धि पत्र कमांक 01 / 2025 / परीक्षा / दिनांक 23.01.2025 द्वारा व्यवहार न्यायाधीश परीक्षा हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। उक्त विज्ञापन के अंतर्गत दिनांक 21 / 09 / 2025 को व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) प्रारंभिक परीक्षा–2024 हेतु परीक्षा का आयोजन बिलासपुर, दुर्ग एवं रायपुर जिला मुख्यालयों में किया गया था।

2. परीक्षा के अगले चरण में प्रारंभिक परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर चिन्हांकित किए गए आवेदकों हेतु व्यवहार न्यायाधीश (मुख्य) परीक्षा–2024 का आयोजन किया जाना है।

3. व्यवहार न्यायाधीश (मुख्य) परीक्षा–2024 हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा दिनांक **31.10.2025 (दोपहर 12:00 बजे) से दिनांक 15.11.2025 (रात्रि 11:59 बजे) तक www.psc.cg.gov.in पर उपलब्ध रहेगी। दिनांक 16.11.2025 (दोपहर 12:00 बजे) से दिनांक 17.11.2025 (रात्रि 11:59 बजे) तक आवेदक अपने मुख्य परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार कर सकेंगे।** इस हेतु पोर्टल शुल्क + जी.एस.टी. शुल्क देय होगा। आवेदक केवल एक बार ही त्रुटि सुधार कर सकेंगे। दिनांक **17.11.2025** के बाद किसी भी प्रकार का त्रुटि सुधार नहीं किया जा सकेगा। इस संदर्भ में कोई भी अभ्यावेदन मान्य नहीं किया जा सकेगा। व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) परीक्षा–2024 तथा मुख्य परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन में दी गई जानकारी, साक्षात्कार के पूर्व मूल दस्तावेजों के सत्यापन के दौरान सही नहीं पाए जाने पर अभ्यर्थी को अनर्ह घोषित किया जा सकेगा। (ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि सुधार हेतु विस्तृत जानकारी **"परिशिष्ट–एक"** पर संलग्न है।)

4. आवेदन करने हेतु आवेदक क्रेडिट कार्ड / डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग अथवा UPI के माध्यम से शुल्क भुगतान कर आवेदन कर सकते है। आवेदन करने के पूर्व आवेदक अद्यतन फोटो एवं हस्ताक्षर की एक–एक स्कैन प्रति निर्देशानुसार तैयार रखें।

5. व्यवहार न्यायाधीश (मुख्य) परीक्षा–2024 में सम्मिलित होने वाले आवेदकों को परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु व्यवहार न्यायाधीश (मुख्य) परीक्षा–2024 का आवेदन छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन जमा करना होगा। अन्य किसी माध्यम से भेजे गए आवेदन आयोग द्वारा स्वीकार नहीं किए जाएंगे। व्यवहार न्यायाधीश (मुख्य) परीक्षा–2024 हेतु निम्नानुसार आवेदन तथा परीक्षा शुल्क का भुगतान करना होगा :–

| | |
|---|---|
| छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर के निवासी आवेदकों के लिए | रुपये 400 / – |
| उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त छत्तीसगढ़ राज्य एवं अन्य राज्यों के समस्त आवेदको को पोर्टल शुल्क + जी.एस.टी. शुल्क भी देना होगा | |

उपरोक्त आवेदन एवं परीक्षा शुल्क तथा पोर्टल शुल्क के अतिरिक्त किसी भी रुप में अन्य कोई राशि का भुगतान नहीं करना है।

6. मुख्य परीक्षा की परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम की जानकारी व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) परीक्षा – 2024 के विस्तृत विज्ञापन से ली जा सकती है जो आयोग की वेबसाइट एवं साप्ताहिक समाचार पत्र *'रोजगार और नियोजन'* दिनांक 25.12.2024 के अंक में उपलब्ध है। आवेदक उक्त विज्ञापन का ध्यानपूर्वक अध्ययन

www.LinkingLaws.com

करके ही ऑनलाइन आवेदन करें।

7. आवेदकों को मुख्य परीक्षा हेतु जारी किए जाने वाले ऑनलाइन प्रवेश पत्र पर भी व्यवहार न्यायाधीश (मुख्य) परीक्षा-2024 की समय-सारिणी उपलब्ध रहेगी।

Digitally signed by
LEENA KOSAM
Date: 30-10-2025
16:24:44

परीक्षा नियंत्रक
छ.ग. लोक सेवा आयोग,
नवा रायपुर, अटल नगर

www.LinkingLaws.com